SNBP INTERNATIONAL SCHOOL,CHIKHALI, PUNE
Affiliation No. 1130703
ACADEMIC SESSION 2024-25
CLASS NOTES

Prepared by: Ms. Salma (   ) **Class:5**

Subject: Hindi **व्याकरण-पाठ-१५ संवाद-लेखन**

परिभाषा- दो या दो से अधिक लोगों की आपसी बातचीत को ही संवाद कहते हैं।

संवाद लिखते समय हमें निम्नलिखित बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए-

१) संवाद की भाषा सरल व स्पष्ट होनी चाहिए।
२) संवाद कम- से- कम शब्दों में होना चाहिए।
३) संवाद विषय अनुसार होना चाहिए।
४) संवाद लिखते समय व्याकरण के नियमों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

उदाहरण- नए विद्यालय में पहले दिन पर दो बच्चों के बीच संवाद-

अभिनव- हेलो! मेरा नाम अभिनव है। तुम्हारा क्या नाम है?

रोहन- मेरा नाम रोहन है।

अभिनव- इससे पहले तुम कहाँ पढ़ते थे?

रोहन- मैं पहले जयपुर में पढ़ता था।

अभिनव- मुझसे दोस्ती करोगे?

रोहन- हाँ-हाँ ,क्यों नहीं।

अभिनव- तुम्हें किसी चीज़ की जानकारी चाहिए तो मुझसे पूछ लेना।

रोहन- जरूर पूछ लूँगा। अब तो हम दोनों दोस्त बन गए हैं।

अभिनव- चलो, कक्षा के सभी बच्चों से मैं तुम्हारा परिचय करा देता हूँ।

रोहन- ठीक है।